संख्या–भा0स0–203 / 14–2–2016–800 (64) / 2016

प्रेषक,

भूपेन्द्र बहादुर सिंह,
अनु सचिव
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

मुख्य वन संरक्षक /
नोडल अधिकारी
उ0प्र0,लखनऊ।

**वन एवं वन्य जीव अनुभाग–2** **लखनऊ, दिनांक 08 सितम्बर, 2016**

विषयः– बेलेस्पन एनर्जी यू0पी0 प्रा0लि0 द्वारा ग्राम ददरी खुर्द तहसील सदरी जिला मीरजापुर में प्रस्तावित 1320 (2X660) मेगावाट ताप विद्युत गृह की स्थापना हेतु जलापूर्ति बावत भूमिगत वाटर पाइप लाईन एवं सम्पर्क मार्ग निर्माण हेतु 8.3581हे0 आरक्षित वन भूमि के गैर वानिकी प्रयोग एवं बाधक 296 वृक्षों के पातन की अनुमति के सम्बंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक कृपया शासन को सम्बोधित एवं अन्य को पृष्ठांकित भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, मध्य क्षेत्र, क्षेत्रीय कार्यालय, लखनऊ के पत्र संख्या–8बी / 08 / 38 / 2016 / एफसी / 277, दिनांक 01–9–2016 का संदर्भ ग्रहण करें, जिसके माध्यम से विषयगत प्रकरण में कुल 04 बिन्दुओं पर की गयी आपत्तियों का निस्तारण कर संशोधित सूचना शासन को उपलब्ध कराया जाना अपेक्षित है।

2– अतएव भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, क्षेत्रीय कार्यालय, लखनऊ के पत्र दिनांक 01–9–2016 की छायाप्रति संलग्न कर प्रेषित करते हुये मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि भारत सरकार के पत्र में उल्लिखित 04 बिन्दुओं पर की गयी आपत्तियों का निराकरण कर संशोधित सूचना शासन को 02 प्रतियों में उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

**संलग्नकः– यथोपरि।**

भवदीय,

BSingh

( भूपेन्द्र बहादुर सिंह )
अनुसचिव।